प्रेमनगर की गली गली में प्रत्याशी रविंद्र आनंद ने जनसंपर्क करते हुए।



# अमित शाह पहुंचे जनता के बीच, मांगा समर्थन

प्रचार

■ गृह मंत्री अमित शाह ने रुद्रप्रयाग में चुनाव प्रचार के लिए हुंकार भरी

■ रुद्रनाथ महादेव मंदिर में महादेव का आशीर्वाद ले की शुरुआत



**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा के लिए भाजपा ने अपने स्टार प्रचारकों की फौज मैदान में उतार दी है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह देवभूमि उत्तराखंड पहुंचे। यहां उन्होंने रुद्रप्रयाग में डोर–टू–डोर प्रचार भी किया। इस दौरान उन्होंने जनता का भी समर्थन मांगा। रुद्रप्रयाग के दौरे के दौरान गुलाब राय मैदान में हेलीपैड पर पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह का भाजपा कार्यकर्त्ताओं ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

गृहमंत्री अमित शाह रुद्रप्रयाग के दौरे पर पहुंचते ही सबसे पहले रुद्रनाथ महादेव मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने भगवान की पूजा–अर्चना की। डोर–टू–डोर प्रचार शुरू करने से पहले अमित शाह ने रुद्रनाथ महादेव का आशीर्वाद लिया और फिर वो जनता के बीच पहुंचे। जनसंपर्क अभियान के दौरान अमित शाह ने व्यापारियों और आम लोगों को रुद्रप्रयाग के मुख्य बाजार में अपना परिचय दिया। साथ ही उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को जिताने की भी अपील की।

शाह जब जनता के बीच समर्थन मांगने पहुंचे तो भाजपा कार्यकर्त्ताओं ने जय श्री राम, भाजपा जिंदाबाद, मोदी और अमित शाह जिंदाबाद के नारे लगाए। इस दौरान अमित शाह ने व्यापारियों और जनता को विकास का आधार मोदी, धामी की सरकार के पर्चे भी बांटे।

जनता को वर्चुअली संबोधित करते हुए अमित शाह ने वीर भूमि उत्तराखंड के जवानों का जिक्र किया। शाह ने कहा कि राज्य का जवान सेना में जरूर मिलेगा। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित है। मोदी सरकार देश की सीमाओं की सुरक्षा करने में सक्षम है। उन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक का भी जिक्र किया। इस दौरान अमित शाह कांग्रेस पर भी हमलावर हुए। उन्होंने कहा कि जो काम 70 साल में नहीं हुए वो पांच साल में हुए हैं। इन पांच सालों में मोदी सरकार पर एक भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा है। इस दौरान उन्होंने हरीश रावत से भी सवाल पूछा। साथ ही कहा कि केदारनाथ पुनर्निर्माण कार्यों में हरीश रावत सरकार ने लापरवाही दिखाई है।

## संक्षिप्त समाचार

### मैदानी इलाकों में कोहरे से हुई सुबह की शुरुआत

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में शुक्रवार की शुरुआत मैदानी इलाकों में कोहरे के साथ हुई। देहरादून, हल्द्वानी, हरिद्वार सहित अधिकतर सभी मैदानी इलाकों में सुबह कोहरा छाया रहा और फिर धूप खिल आई। वहीं पहाड़ी इलाकों में भी फिलहाल मौसम साफ बना हुआ है। प्रदेश के कई इलाकों में शुक्रवार और शनिवार को पारा गिरने और कोहरा छाए रहने का अनुमान है। मौसम केंद्र के अनुसार प्रदेश के सभी क्षेत्रों में रात को पाला गिरेगा। वहीं, कोहरा छाये रहने से मौसम में ठंड में इजाफा होगा। हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जिलों के ज्यादातर क्षेत्रों में बादल भी छाये रहेंगे। इससे ठंड में बढ़त होने का अनुमान है।

### 20 साल के इतिहास में पहली बार चुनाव नहीं लड़ेंगे हरक सिंह रावत

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड की राजनीति के चर्चित नेता हरक सिंह रावत राज्य गठन के बाद दो दशक के चुनावी इतिहास में पहली बार चुनाव नहीं लड़ेंगे। कांग्रेस में जाने के बाद उनके चौबट्टाखाल विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की संभावना जताई जा रही थी। खुद हरक सिंह रावत का कहना था कि पार्टी यदि चुनाव लड़ने के लिए कहेगी तो वह चुनाव लड़ेंगे। भाजपा से निकाले जाने से पहले से ही हरक सिंह रावत लगातार यह बयान दे रहे थे कि वह चुनाव नहीं लड़ना चाहते।

### हरीश रावत ने लालकुंआ में दाखिल किया पर्चा

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को नामांकन का अंतिम रहा। इस दौरान भाजपा और कांग्रेस उम्मीदवार नामांकन किया। इसी क्रम में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने अपनी सीट लालकुंआ से नामाकंन दाखिल किया। कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत ने भी नामांकन किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने भी पौड़ी में श्रीनगर सीट के लिए नामांकन किया। रुद्रपुर विधायक राजकुमार ठुकराल ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया।

### शेयर बाजार में कई शेयरों से निवेशकों को हुआ भारी नुकसान

**संवाददाता** देहरादून। बीएसई संसेक्स पिछले पांच वर्षों में 17 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़ा है, 110 प्रतिशत से अधिक रिटर्न भी निवेशकों को है। लेकिन उसी समय के दौरान, कुछ निवेशक स्टॉक चुनने में विफल रहे और जिससे उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ा। अगर देखा जाए तो रिलायंस कैपिटल के शेयर, 2017 में 850 से अधिक की कीमत पर कारोबार कर रहे थे जो अब वर्तमान में केवल 13 पर कारोबार कर रहे हैं। ऐसे ही एसआरईआई इंफ्रा,ओर सदभाव इंजीनियरिंग शेयरों ने भी निवेशकों को निराश ही किया है।

## गली गली में किया प्रत्याशी रविंद्र आनंद ने जनसंपर्क

**संवाददाता** देहरादून।' आम आदमी पार्टी के कैंट विधानसभा प्रत्याशी रविंद्र सिंह आनंद ने आज प्रेमनगर के विंग न 7 एवं अन्य क्षेत्रों ने जनसंपर्क किया। लोगों का कहना था कि इस बार कैंट विधानसभा में साफ छवि के व्यक्ति को ही जिता कर लाऐंगे। रविंद्र सिंह आनंद ने बताया कि आज जनसंपर्क के दौरन उन्हे लोगों को बहुत ही अच्छा समर्थन मिल रहा है। लोगों का कहना है कि भाजपा एवं कांग्रेस दोनो हम देख चुके है और इस बार हमने बदलाव का मन बनाया है। इससे भी बढ़ कर हम इस बार साफ छवि के व्यक्ति को कैंट विधानसभा में देखना चाहते है। रविंद्र सिंह आनंद ने बताया कि लोगों ने मन बना लिया है कि वे इस बार आम आदमी पार्टी को मौका देना चाहते है और एक तरफा वोट दे कर आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी को विजयी बनाना चाहते है। आनंद ने कहा कि लोगों में आम आदमी पार्टी के प्रति इतना स्नेह और समर्थन देख कर पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल भी काफी बढ़ा हुआ है और वह दिन दूर नहीं जब कैंट विधानसभा की जनता बदलाव देखेगी।

# राज्य में मिले 2813 नए संक्रमित, सात मरीजों की हुई मौत

कोरोना अपडेट

■ कोटद्वार और आसपास के पर्वतीय क्षेत्र में 28 लोग कोरोना संक्रमित

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 2813 नए मामले सामने आए हैं, जबकि सात कोरोना संक्रमितों की मौत हो गई। दूसरी ओर, शुक्रवार को 3042 मरीजों ने कोरोना से जंग जीत ली।

कोटद्वार नगर और आसपास के पर्वतीय क्षेत्र में 28 लोग कोरोना संक्रमित मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी कोरोना संक्रमितों को होम आइसोलेट कर उनका उपचार शुरू कर दिया गया है। सीएमओ पौड़ी डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि सिद्धबली मार्ग क्षेत्र में एक महिला, कालाबड़ क्षेत्र में एक युवक, एक महिला, एक किशोर, पदमपुर सुखरो में एक व्यक्ति, मनोहर नगर क्षेत्र में एक वृद्ध व एक महिला की कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। कुंभीचौड़ क्षेत्र में एक वृद्ध व एक महिला, सिगड्डी व हल्दूखाता क्षेत्र में एक–एक महिला, सिमलचौड़ क्षेत्र में एक महिला व एक युवक, गिंवाईस्रोत क्षेत्र में एक युवक, देवी रोड क्षेत्र में एक वृद्ध, एक वृद्धा, एक बच्चा व एक युवती की कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। टीआरएच कौड़िया में एक व्यक्ति और दुगड्डा में एक युवक व एक व्यक्ति की कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।

द्वारीखाल ब्लाक में एक, एकेश्वर और जयहरीखाल ब्लाक में चार–चार लोगों की कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। सभी संक्रमितों को होम आइसोलेट कर उनका उपचार शुरू कर दिया गया है। दुगड्डा के चिकित्साधिकारी और कोरोना नोडल अधिकारी डा. मनोज कुमार और डा. राकेश सारंग ने बताया कि शुक्रवार को शाम चार बजे तक 360 लोगों के टेस्ट किए गए हैं।

### प्रदेश में अब 30927 एक्टिव कोरोना केस

स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, प्रदेश में सामने आए 2813 नए मामलों में अल्मोड़ा में 170, बागेश्वर में 87, चमोली में 67, चंपावत में 74, देहरादून में 978, हरिद्वार में 422, नैनीताल में 257, पौड़ी में 203, पिथौरागढ़ में 96, रुद्रप्रयाग में 113, टिहरी में 49, ऊधमसिंह नगर में 194 और उत्तरकाशी में 103 मामले शामिल हैं। प्रदेश में अब 30927 एक्टिव कोरोना केस हैं, जिनमें सर्वाधिक 14760 केस देहरादून जिले के हैं।



## डाक्टरों से मारपीट के विरोध में दून के अस्पतालों में कर्मचारियों का विरोध

**संवाददाता** देहरादून। देहरादून जिले के दून के कोरोनेशन अस्पताल में गुरुवार हुई मारपीट के विरोध में सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक और कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार जारी है। उन्होंने इमरजेंसी, ओपीडी सेवाएं बंद कर दी हैं। इससे मरीजों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल, गुरुवार रात कोरोनेशन अस्पताल में मृतक के स्वजन ने चिकित्सक और फार्मेसिस्ट के साथ मारपीट का आरोप लगाते हुए अस्पताल के चिकित्सक और कर्मचारी कार्य बहिष्कार कर रहे हैं। इमरजेंसी, ओपीडी सेवाएं बंद कर दी गई हैं, जिससे मरीजों को मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। मामला राजपुर थाना क्षेत्र स्थित एक नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती व्यक्ति की मौत से जुड़ा है। संयुक्त अस्पताल प्रेमनगर, सामुदायिक चिकित्सालय रायपुर में भी ओपीडी बंद कर दी गई है।






**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।